# Code No. 2507

**CLASS : 9th (Ninth)** **Series : 9/Feb./2024**

**Roll No.** □□□□□□□□□□

## सामाजिक विज्ञान

## SOCIAL SCIENCE

**(History, Political Science, Geography & Economics)**

[ हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम ]

[ Hindi and English Medium ]

(Only for Fresh/School Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

*Time allowed : **3** hours ]* *[ Maximum Marks : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **16** तथा प्रश्न **38** हैं।*

  *Please make sure that the printed pages in this question paper are **16** in number and it contains **38** questions.*

- *प्रश्न-पत्र में सबसे ऊपर दिये गये **कोड नम्बर** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*

  *The **Code No.** on the top of the question paper should be written by the candidate on the front page of the answer-book.*

- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*

  *Before beginning to answer a question, its Serial Number must be written.*

- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*

  *Don't leave blank page/pages in your answer-book.*

- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*

  *Except answer-book, no extra sheet will be given. Write to the point and do not strike the written answer.*



Downloaded from www.cclchapter.com

...each question carrying **2** marks should not exceed **30** words.

(vi) **3** अंकों वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **40** से **60** शब्दों से अधिक न हो।

Answer to each question carrying **3** marks should not exceed **40** to **60** words.

(vii) **5** अंकों वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** से **125** शब्दों से अधिक न हो।

Answer to each question carrying **5** marks should not exceed **100** to **125** words.

(viii) प्रश्न संख्या **38** भारत के मानचित्र को भरने से संबंधित है।

Question No. **38** related to filling the Map of **India**.

(ix) भारत के मानचित्र को भरकर अपनी उत्तर-पुस्तिका के बीच मजबूती से बाँधिए।

After filling the Map of **India** it should be securely tied in the middle of the answer-book.

**1.** ................ ई० में 'विधवा पुनर्विवाह' को कानूनी मान्यता मिली। 1

(A) 1856 ई०
(B) 1947 ई०
(C) 1905 ई०
(D) 1847 ई०

"Widow remarriage" got legal recognition in ............ A.D.

(A) 1856 A.D.
(B) 1947 A.D.
(C) 1905 A.D.
(D) 1847 A.D.

**2.** ................ ने कहा कि स्त्री एवं पुरुष का भेद प्राकृतिक नहीं है क्योंकि यह केवल शारीरिक भेद है जो ईश्वर द्वारा मान्य नहीं है। 1

(A) डॉ० बी० आर० आम्बेडकर
(B) डॉ० के० बी० हेडगेवार
(C) स्वामी विवेकानंद
(D) अरविंद घोष

................ said that the distinction between man and woman is not natural because it is only a physical distinction that is not recognized by God.

(A) Dr. B. R. Ambedkar
(B) Dr. K. B. Hedgewar
(C) Swami Vivekanand
(D) Arvind Ghosh



Downloaded from www.cclchapter.com

**3.** "उठो, जागो और तब तक न रुको, जब तक कि तुम अपना लक्ष्य प्राप्त न कर लो।" दिया गया कथन किसने कहा है ? 1

(A) वीर सावरकर
(B) राजा राम मोहन राय
(C) बी० सी० चटर्जी
(D) स्वामी विवेकानंद

"Arise, awake, and stop not until you achieve your goal." Who has said the given statement ?

(A) Veer Savarkar
(B) Raja Ram Mohan Rai
(C) B. C. Chatterjee
(D) Swami Vivekanand

**4.** 'पावर्टी एण्ड अनब्रिटिश रूल इन इण्डिया' के लेखक कौन हैं ? 1

(A) आर० सी० दत्त
(B) दादा भाई नौरोजी
(C) लॉर्ड लिटन
(D) स्वामी दयानंद

Who is the writer of "Poverty and Un-British Rule in India" ?

(A) R. C. Dutt
(B) Dadabhai Naoroji
(C) Lord Lytton
(D) Swami Dayanand

**5.** 'वन्दे मातरम' गीत ................. द्वारा रचा गया है। 1

(A) बंकिम चन्द्र चटर्जी
(B) रवींद्रनाथ टैगोर
(C) सुरेंद्रनाथ बनर्जी
(D) व्योमेश चंद्र बनर्जी

The song 'Vande Mataram' has been composed by ................ .

(A) Bankim Chandra Chatterjee
(B) Rabindranath Tagore
(C) Surendranath Banerjee
(D) Vyomesh Chandra Banerjee



Downloaded from www.cclchapter.com

6. 'जाट गजट' नामक अखबार का प्रकाशन एवं संपादन किसने किया ? 1

(A) अरुणा आसफ अली (B) सुचेता कृपलानी

(C) नेताजी सुभाषचंद्र बोस (D) चौधरी छोटू राम

Who published and edited the newspaper 'Jat Gazette' ?

(A) Aruna Asaf Ali (B) Sucheta Kriplani

(C) Netaji Subhash Chandra Bose (D) Chaudhary Chhotu Ram

7. भारत का सबसे पश्चिमी देशान्तर है : 1

(A) 68°7' पूर्वी (B) 68°7' पश्चिमी

(C) 97°25' पूर्वी (D) 23°30' पश्चिमी

The Westernmost longitude of India is :

(A) 68°7' East (B) 68°7' West

(C) 97°25' East (D) 23°30' West

8. क्षेत्रफल के आधार पर भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है ? 1

(A) महाराष्ट्र (B) मध्य प्रदेश

(C) उत्तर प्रदेश (D) राजस्थान

Which is the largest state of India on the basis of area ?

(A) Maharashtra (B) Madhya Pradesh

(C) Uttar Pradesh (D) Rajasthan



Downloaded from www.cclchapter.com

**9.** कर्क रेखा भारत के कितने राज्यों से होकर गुजरती है ? 1

(A) 6 (B) 7

(C) 8 (D) 9

Tropic of Cancer passes through how many states of India ?

(A) 6 (B) 7

(C) 8 (D) 9

**10.** 'लीगल फ्रेमवर्क ऑर्डर' के ज़रिए ................ के संविधान को बदल डाला। 1

(A) इण्डिया/भारत (B) चीन

(C) नेपाल (D) पाकिस्तान

Constitution of ............... changed through 'Legal Framework Order'.

(A) India (B) China

(C) Nepal (D) Pakistan

**11.** .............. तक सउदी अरब में औरतों को वोट देने का अधिकार नहीं था। 1

(A) 2010 (B) 2015

(C) 2020 (D) 2014

Until ............... in Saudi Arabia woman did not have the right to vote.

(A) 2010 (B) 2015

(C) 2020 (D) 2014



Downloaded from www.cclchapter.com

12. जिंबाब्वे को अल्पसंख्यक के शासन से कब मुक्ति (स्वतन्त्रता) मिली ? 1

(A) 1947 (B) 1949

(C) 1980 (D) 2023

When did Zimbabwe get freedom from the rule of minority ?

(A) 1947 (B) 1949

(C) 1980 (D) 2023

13. भारतीय संविधान सभा का प्रथम अधिवेशन हुआ : 1

(A) 26 नवंबर, 1949 (B) 15 अगस्त, 1947

(C) 9 दिसम्बर, 1946 (D) 26 जनवरी, 1950

The first session of the Indian Constituent Assembly was held :

(A) 26 November, 1949 (B) 15 August, 1947

(C) 9 December, 1946 (D) 26 January, 1950

14. भारतीय संविधान लिखने वाली सभा में ............. सदस्य थे। 1

(A) 250 (B) 542

(C) 100 (D) 299

The Indian Constituent Assembly that was written had ............ members.

(A) 250 (B) 542

(C) 100 (D) 299



Downloaded from www.cclchapter.com

15. भीमराव रामजी आम्बेडकर का जन्म कौन-से राज्य में हुआ था ? 1

(A) हरियाणा (B) दिल्ली

(C) पंजाब (D) मध्यप्रदेश

In which state Bhimrao Ramji Ambedkar born ?

(A) Haryana (B) Delhi

(C) Punjab (D) Madhya Pradesh

16. भारत में गणतंत्र दिवस कब मनाते हैं ? 1

(A) 15 अगस्त (B) 26 जनवरी

(C) 2 अक्टूबर (D) 1 जनवरी

When is Republic Day celebrated in India ?

(A) 15 August (B) 26 January

(C) 2 October (D) 1 January

17. भारत के नगरीय क्षेत्र में प्रतिदिन प्रति व्यक्ति कितनी कैलोरी की सिफारिश की जाती है ? 1

(A) 2100 (B) 2200

(C) 2300 (D) 2400

How much calories are recommended per person per day in urban area of India ?

(A) 2100 (B) 2200

(C) 2300 (D) 2400

18. भारत में सबसे अधिक गरीबी वाला राज्य कौन-सा है ?

(A) बिहार (B) उत्तर प्रदेश

(C) झारखण्ड (D) उड़ीसा



Downloaded from www.cclchapter.com

Which is the highest poverty state in India ?

(A) Bihar (B) Uttar Pradesh

(C) Jharkhand (D) Orissa

**19.** 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में कितने प्रतिशत जनसंख्या गरीबी रेखा से नीचे की श्रेणी में है ? 1

(A) 25.9% (B) 21.9%

(C) 22.9% (D) 20.9%

According to the 2011 Census what percentage of the population in India is below the poverty line ?

(A) 25.9% (B) 21.9%

(C) 22.9% (D) 20.9%

**20.** स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना का आरंभ ............ में किया गया। 1

(A) 1995 (B) 1996

(C) 1998 (D) 1999

Swarnajayanti Gram Swarozgar Yojna was launched in ............. .

(A) 1995 (B) 1996

(C) 1998 (D) 1999

**21.** क्रान्तिकारियों के प्रमुख उद्देश्य क्या थे ? 2

What were the main objectives of the revolutionaries ?

**22.** भारतीय स्वतन्त्रता आंदोलन में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस एवं आजाद हिन्द फौज का क्या योगदान था ? 1 + 1 = 2

What was the contribution of Netaji Subhash Chandra Bose and Azad Hind Fauj in the Indian Struggle for Independence ?



Downloaded from www.cclchapter.com

**23.** भारत में विभिन्न प्रकार की पाई जाने वाली वनस्पति के नाम बताएँ। 2

Name different types of vegetation found in India.

**24.** जनसंख्या वृद्धि एवं जनसंख्या परिवर्तन के बीच अंतर स्पष्ट करें। 2

Distinguish between population growth and population change.

**25.** लोकतंत्र के पक्ष में कोई ***दो*** तर्क लिखिए। 2

Write any ***two*** arguments in favour of democracy.

**26.** पालमपुर में खेतिहर श्रमिकों की मजदूरी न्यूनतम मजदूरी से कम क्यों है ? 2

Why are the wages for farm labourers in Palampur less than minimum wages ?

**27.** उदारवादी कौन थे ? उनकी मुख्य माँगें क्या थीं ? 1 + 2 = 3

Who were the Moderates ? What were their main demands ?

**28.** भगत सिंह की भारत की आजादी में क्या भूमिका रही ? 3

What was the role of Bhagat Singh in India's Independence ?

**29.** गंगा की ***दो*** मुख्य धाराओं के नाम लिखिए। ये कहाँ पर एक-दूसरे से मिलकर गंगा नदी का निर्माण करती हैं ? 3

Name ***two*** headstreams of the Ganga. Where do they unite to form the Ganga ?

**30.** भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाले कौन-कौन-से कारक हैं ? 3

What are the factors affecting the climate of India ?

**31.** हमें संविधान की जरूरत क्यों है ? 3

Why do we need a Constitution ?



Downloaded from www.cclchapter.com

**32.** दी गई केस स्टडी को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें : 1 × 4 = 4

**रामू की केस स्टडी**

रामू रायपुर गाँव में कृषि क्षेत्रक में एक अनियत खेतिहर मज़दूर के रूप में काम करता है। उसका सबसे बड़ा बेटा सोमू दस वर्ष का है। वह भी गाँव के सरपंच सतपाल सिंह के पशुओं की देखभाल करने वाले पाली के रूप में काम करता है। सोमू सरपंच के यहाँ पूरे वर्ष काम करता है और उसे इस काम के लिए सिर्फ़ एक हज़ार रुपये मिलते हैं। रामू के तीन और बेटे और दो बेटियाँ हैं, लेकिन वे अभी बहुत कम उम्र के हैं और वे खेत में काम नहीं कर सकते। रामू की पत्नी सुनहरी भी पशुओं की सफ़ाई करने और गोबर हटाने का काम (अंशकालिक) करती है। उसे अपने रोज़ाना काम के बदले आधा लीटर दूध और सब्ज़ियों के साथ कुछ पका खाना मिलता है। इसके अलावा व्यस्त मौसम में वह अपने पति के साथ मिलकर खेती में काम करती है और उनकी आमदनी बढ़ जाती है। कृषि एक मौसमी कार्य है और रामू को केवल बुआई, पौधा-रोपण और फसल की कटाई के समय काम मिलता है। वह वर्ष में फसल तैयार होने और पकने तक की अवधि के दौरान लगभग चार महीने बेरोज़गार रहता है। तब वह दूसरे कार्यों में काम की तलाश करता है। कभी-कभी उसे ईंट भट्टे में या गाँव में चल रहे निर्माण कार्यों में काम मिल जाता है। रामू अपने इन प्रयासों से नकद या फिर वस्तु रूप में इतना कमा लेता है, जिससे वह अपने परिवार के दो जून के भोजन के लिए ज़रूरी चीज़ें जुटा सके। बहरहाल, जब वह कहीं काम पाने में असफल रहता है तो उसे और उसके परिवार को वास्तव में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, और कभी-कभी उसके छोटे बच्चों को भूखे पेट ही सोना पड़ता है। परिवार को दूध तथा सब्ज़ियाँ भोजन के साथ नियमित रूप से नहीं मिलती हैं। रामू कृषि कार्य की मौसमी प्रकृति के कारण अपनी बेरोज़गारी के चार महीनों में खाद्य की दृष्टि से असुरक्षित रहता है।

(i) कृषि एक मौसमी क्रिया क्यों है ?

(ii) रामू वर्ष के लगभग चार महीने बेरोजगार क्यों रहता है ?

(iii) रामू जब बेरोजगार होता है, तो वह क्या करता है ?

(iv) रामू के परिवार में पूरक आय कौन प्रदान करता है ?

 P. T. O.

Downloaded from www.cclchapter.com

Read the given case study and answer the questions that follow :

**Case Study of Ramu**

Ramu works as a casual labourer in agriculture in Raipur village. His eldest son Somu who is 10 years old also works as a *pali* to look after the cattle of the Sarpanch of the village Satpal Singh. Somu is employed for the whole year by the Sarpanch and is paid a sum of Rs. 1,000 for this work. Ramu has three more sons and two daughters but they are too young to work on the field. His wife Sunahri is also (part time) working as house cleaner for the livestock, removing and managing cow dung. She gets 1/2 litre milk and some cooked food along with vegetables for her daily work. Besides she also works in the field along with her husband in the busy season and supplements his earnings. Agriculture being a seasonal activity employs Ramu only during times of sowing, transplanting and harvesting. He remains unemployed for about 4 months during the period of plant consolidation and maturing in a year. He looks for work in other activities. Some times he gets employment in brick laying or in construction activities in the village. By all his efforts, Ramu is able to earn enough either in cash or kind for him to buy essentials for two square meals for his family. However, during the days when he is unable to get some work, he and his family really face difficulties and sometimes his small kids have to sleep without food. Milk and vegetables are not a regular part of meals in the family. Ramu is food insecure during 4 months when he remains unemployed because of the seasonal nature of agricultural work.

(i) Why is agriculture a seasonal activity ?

(ii) Why is Ramu unemployed for about four months in a year ?

(iii) What does Ramu do when he is unemployed ?

(iv) Who are supplementing income in Ramu's family ?



Downloaded from www.cclchapter.com

33. दिये गए आलेख को ध्यान से पढ़ें और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें : $1 \times 4 = 4$

**सउदी अरब में नागरिक अधिकार**

आइए, अब सउदी अरब का उदाहरण देखें और वहाँ की सरकार अपने नागरिकों को कितनी आज़ादी देती है, इस पर गौर करें। जरा इन तथ्यों पर विचार करें :

- देश में एक वंश का शासन चलता है और राजा या शाह को चुनने या बदलने में लोगों की कोई भूमिका नहीं होती।
- शाह ही विधायिका और कार्यपालिका के लोगों का चुनाव करते हैं। जजों की नियुक्ति भी शाह करते हैं और वे उनके फ़ैसलों को पलट भी सकते हैं।
- लोग कोई राजनैतिक दल या संगठन नहीं बना सकते। मीडिया शाह की मर्जी के खिलाफ़ कोई भी खबर नहीं दे सकती।
- कोई धार्मिक आज़ादी नहीं है। सिर्फ़ मुसलमान ही यहाँ के नागरिक हो सकते हैं। यहाँ रहने वाले दूसरे धर्मों के लोग घर के अंदर ही अपने धर्म के अनुसार पूजा-पाठ कर सकते हैं। उनके सार्वजनिक/धार्मिक अनुष्ठानों पर रोक है।
- औरतों को वैधानिक रूप से मर्दों से कमतर का दर्जा मिला हुआ है और उन पर कई तरह की सार्वजनिक पाबंदियाँ लगी हैं। मर्दों को जल्दी ही स्थानीय निकाय के चुनावों के लिए मताधिकार मिलने वाला है जबकि औरतों को यह अधिकार नहीं मिलेगा।

ये बातें सिर्फ़ सउदी अरब पर ही लागू नहीं होतीं। दुनिया में ऐसे अनेक देश हैं जहाँ ऐसी स्थितियाँ मौजूद हैं।

(i) सउदी अरब में किस प्रकार की सरकार है ?

(ii) सउदी अरब का राज्य धर्म क्या है ?

(iii) सउदी अरब में महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार हैं। (हाँ/नहीं)

(iv) मीडिया शाह की मर्ज़ी के खिलाफ कोई खबर दे सकती है। (हाँ/नहीं)



P. T. O.

Downloaded from www.cclchapter.com

Read the extract given below and answer the questions that follow :

**Citizen's Rights in Saudi Arabia**

Let us therefore look at the case of Saudi Arabia and the position of the citizens with regard to their government. Consider these facts :

- The country is ruled by a hereditary king and the people have no role in electing or changing their rulers.
- The king selects the legislature as well as the executive. He appoints the judges and can change any of their decisions.
- Citizens cannot form political parties or any political organizations. Media cannot report anything that the monarch does not like.
- There is no freedom of religion. Every citizen is required to be Muslim. Non-Muslim residents can follow their religion in private, but not in public.
- Women are subjected to many public restrictions. The testimony of one man is considered equal to that of two women.

This is true not just of Saudi Arabia. There are many countries in the world where several of these conditions exist.

(i) Which form of government exist in Saudi Arabia ?

(ii) What is the official religion of Saudi Arabia ?

(iii) Women have equal rights as males in Saudi Arabia. (Yes/No)

(iv) Media can give any report against the monarch like. (Yes/No)



Downloaded from www.cclchapter.com

34. महात्मा गाँधी जी ने सरदार पटेल की बजाय नेहरू को क्यों चुना ? क्या आप उनके निर्णय को उचित मानते हैं ? 5

Why did Mahatma Gandhi Ji choose Nehru instead of Sardar Patel ? Do you consider his decision justified ?

अथवा

OR

भारत छोड़ो आंदोलन की उत्पत्ति एवं प्रसार की व्याख्या करें।

Explain the origin and spread of the Quit India Movement.

35. भारत के प्रमुख भू-आकृतिक विभाग कौन-से हैं ? हिमालय क्षेत्र तथा प्रायद्वीप पठार के उच्चावच लक्षणों में क्या अन्तर है ? 5

Which are the major physiographic divisions of India ? Contrast the relief of the Himalayan region with that of the Peninsular plateau.

अथवा

OR

भारत के उत्तरी मैदानों का वर्णन कीजिए।

Describe the Northern Plains of India.

36. हमें संसद की आवश्यकता क्यों है ? 5

*Why do we need Parliament ?*

अथवा

OR

भारत में प्रधानमंत्री के अधिकार कौन-कौन-से हैं ?

What are the powers of the Prime Minister in India ?





Downloaded from www.cclchapter.com

**37.** 'बेरोजगारी' शब्द की आप कैसे व्याख्या करेंगे ? शिक्षित बेरोजगारी भारत के लिए एक विशेष समस्या क्यों है ? 5

How will you explain the term unemployment ? Why is educated unemployed, a peculiar problem of India ?

अथवा

**OR**

मौसमी और प्रच्छन्न बेरोजगारी में अन्तर स्पष्ट करें।

Difference between Disguised and Seasonal Unemployment.

**38.** *भारत* के मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाएँ : 5

Show the following on the Map of ***India*** :

(i) 'पेरियार' वन्य प्राणी अभयवन

'Periyar' wildlife sanctuary

(ii) 'चिल्का' झील

'Chilika' lake

(iii) 'मौसिनराम' विश्व में सबसे अधिक वर्षा क्षेत्र

'Mawsynram' the wettest place of the earth

(iv) जूनागढ़ की रियासत

Junagadh State

(v) क्रान्तिकारी आन्दोलन का केन्द्र 'काकोरी'

Centre of the Revolutionary Movement 'Kakori'



Downloaded from www.cclchapter.com